Indian School Al Wadi Al Kabir
Final Examination
Subject-Hindi (3rd Lang.)

Class: VII | Max Marks: 80
Date: 02.03.2025 | Time - 2 ½hrs

*General Instructions:*

1. *All questions are compulsory.*
2. *The question paper consists of 19 questions divided into 4 Sections, Section A to D.*
3. *There is no overall choice. However, internal choices have been provided.*
4. *This question paper consists of 6 printed pages.*

---

## Section A

प्रश्न-1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 5

ओलंपिक खेलों का अपना एक ध्वज है। यह सफेद रंग का है। इस ध्वज में पाँच छोटे-छोटे गोल घेरे होते हैं। ये पाँच घेरे विश्व के पाँच महाद्वीपों एशिया, अफ्रीका, यूरोप, आस्ट्रेलिया और अमेरिका का प्रतिनिधित्व करते हैं। इन गोल घेरों का आपस में जुड़े होना इस भावना का प्रतीक है कि ये पाँचों महाद्वीप एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। ओलंपिक खेल आरंभ होने से पहले एक मशाल जलाकर लाई जाती है। इस मशाल को ओलंपिया से चलते हुए उस नगर में लाया जाता है जहाँ ओलंपिक खेल हो रहे हैं। इस ओलंपिक मशाल को जहाँ तक संभव हो दौड़ते हुए ही ले जाया जाता है। मेजबान देश का सर्वोच्च अधिकारी इन खेलों का उद्घाटन करता है।

इसके पश्चात् सभी देशों के खिलाड़ियों का मार्च पास्ट होता है। मार्च पास्ट में सबसे आगे एक खिलाड़ी ओलंपिक ध्वज लिए हुए चलता है। ओलंपिक ध्वज के पीछे खेलों में भाग लेने वाले देश के प्रमुख खिलाड़ी अपने-अपने देश का राष्ट्रीय ध्वज लिए हुए चलते हैं। यहाँ ओलंपिक मशाल जलाई जाती है तथा खेल संबंधी नियमों की शपथ ली जाती है। इसके पश्चात् खेल आरंभ होता है।

(क) ओलंपिक खेलों का ध्वज किस रंग का होता है?

(i) लाल रंग का
(ii) सफेद रंग का
(iii) पीले रंग का
(iv) हरे रंग का

(ख) इस ध्वज में छोटे-छोटे कितने गोल घेरे होते हैं ?

(i) तीन घेरे
(ii) चार घेरे
(iii) पाँच घेरे
(iv) छह घेरे

(ग) ये घेरे किसका प्रतिनिधित्व करते हैं ?

(i) पाँच गाँवों का ।

(ii) पाँच शहरों का ।

(iii) पाँच नदियों का ।

(iv) पाँच महाद्वीपों का ।

(घ) इन खेलों का उद्घाटन करता है ?

(i) मेजबान देश का सर्वोच्च अधिकारी ।

(ii) मेजबान देश का छात्र-नेता ।

(iii) मेजबान देश का खेल-मंत्री ।

(iv) मेजबान देश का शिक्षामंत्री ।

(ङ) मार्च पास्ट में सबसे आगे एक खिलाड़ी क्या लिए हुए चलता है ?

(i) राष्ट्र ध्वज ।

(ii) ओलंपिक ध्वज ।

(iii) कमल ध्वज ।

(iv) मशाल ध्वज ।

प्रश्न 2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 5

आलस्य जीवन को अभिशापमय बना देता है। आलसी व्यक्ति परावलंबी होता है। वह कभी पराधीनता से मुक्त नहीं हो सकता। हमारा देश सदियों तक पराधीन रहा। इसका आधारभूत कारण भारतीय जीवन में व्याप्त आलस्य एवं हीन भावना थी। जैसे हमने परिश्रम के महत्त्व को समझा, वैसे ही हमारी हीनता दूर होती गई और हममें आत्मविश्वास बढ़ता गया, जिसका परिणाम यह हुआ कि हमने एक दिन पराधीनता की केंचुली उतारकर फेंक दी। परिश्रम ही छोटे-से बड़े बनने का साधन है।
यदि छात्र परिश्रम न करे तो परीक्षा में कैसे सफल होंगे। मजदूर भी मेहनत का पसीना बहाकर सड़कों, भवनों, बाँधों, मशीनों तथा संसार के लिए उपयोगी वस्तुओं का निर्माण करते हैं। मूर्तिकार, चित्रकार, कवि, लेखक सब परिश्रम द्वारा ही अपनी रचनाओं से संसार को लाभ पहुँचाते हैं। कालिदास, तुलसीदास, शेक्सपियर, टैगोर आदि परिश्रम के बल पर ही अपनी रचनाओं के रूप में अजर-अमर हैं।

क. आलस्य जीवन को क्या बना देता है ?

i अभिशापमय बना देता है।

ii सुखमय बना देता है

iii खुशहाल बना देता है

iv आनंदमय बना देता है

ख. आलसी व्यक्ति कैसा होता है ?

i आलसी व्यक्ति स्वालंबी होता है

ii आलसी व्यक्ति परावलंबी होता है

iii आलसी व्यक्ति आत्मलंबी होता है

iv आलसी व्यक्ति स्वाभिमानी होता है

ग. हमारा देश कब तक पराधीन रहा ?

i 10 वर्षों तक

ii 20 वर्षों तक

iii 30 वर्षों तक

iv सदियों तक

घ. छोटे-से बड़े बनने का साधन क्या है ?

i आराम

ii खेल-कूद

iii परिश्रम

iv भोजन

ङ. मजदूर उपयोगी वस्तुओं का निर्माण कैसे करते हैं ?

i पसीना बहाकर

ii दूध बहाकर

iii पानी बहाकर

iv घी बहाकर

**Section – B**

प्रश्न-3. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन के उपसर्ग अलग कीजिए : 3

अधर्म, अभिनेता, अवगुण, अनुशासन

प्रश्न-4. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन के प्रत्यय अलग कीजिए : 3

आवश्यकता, महत्त्वपूर्ण , चित्रकार , फलदार

प्रश्न-5. किन्हीं तीन के दो-दो पर्यायवाची लिखिए: 3

पुत्र , राजा , हेम , माँ

प्रश्न-6. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन शब्दों के स्त्रीलिंग रूप लिखिए : 3

हिरन , हाथी , बालक , दादा

प्रश्न-7. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए : 3

बाधा, रास्ता, चोटी, बच्चा

प्रश्न-8. किन्हीं तीन शब्दों के अर्थ (meaning) इंग्लिश में लिखिए : 3

मुखिया, नौजवान , यात्रा, आशा, दुर्भाग्य

प्रश्न-9. निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्दों को रेखांकित कीजिए : 3

क . सारस आकाश में उड़ रहा था l

क . वह साइबेरिया से भारत आ रहा था l

ग . नदी में सफेद कमल खिले थे l

प्रश्न- 10 . निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण शब्दों को रेखांकित कीजिए : 3

क . कच्चा आम खट्टा होता है ।

ख . छोटा बालक होशियार निकला ।

ग . मोटा आदमी कमजोर निकला ।

प्रश्न- **11.** मुहावरों को उनके सही अर्थ से मिलाइए : 3

| मुहावरे | अर्थ |
|---|---|
| 1 उल्लू बनाना | भाग जाना |
| 2 नौ दो ग्यारह होना | गुस्सा करना |
| 3 आँख दिखाना | मूर्ख बनाना |

प्रश्न-12. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन शब्दों से वाक्य बनाइए : 3

किससे -

कहाँ -

कैसे -

क्या -

कौन -

## Section - C

प्रश्न-13 . सही विकल्प चुनिए : 5

क. बच्चा क्या लेने की ज़िद कर रहा था ?
*खिलौना *मिठाई *पिचकारी *कपड़े

ख. गुड्डा किसका बना था ?
*काँच का *मिट्टी का *लोहे का *प्लास्टिक का

ग. राजपुत्र के रोने पर कौन दौड़ पड़े ?
*माता-पिता *दादा-दादी *दास-दासियाँ *उसके मित्र

घ. राजकुमार क्यों मचल गया ?
*घोड़े के लिए *हाथी के लिए *मुकुट के लिए *खिलौने के लिए

ङ. झील में कौन तैर रहा था ?
* कौआ * कुत्ता * सारस * घोड़ा

प्रश्न-14. किन्हीं छह प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में दीजिए: 6

क. सारस अपना देश छोड़कर भारत क्यों आते थे ?
ख. सब दास-दासियाँ क्यों दौड़ पड़े ?
ग. प्राचीनकाल में कहाँ कठोर नियमों का पालन करना आवश्यक था ?
घ. राजहठी किसे कहा गया है ?
ङ. अनुशासन की परिभाषा अपने शब्दों में लिखिए
च. दीना का लाल किस खिलौने को लेने के लिए मचल पड़ा ?
छ. शिकार की ताक में कौन लगा रहता था ?
ज. राजकुमार के खिलौने किस चीज़ के बने थे ?

प्रश्न-15. किन्हीं चार प्रश्नों के 20-25 शब्दों में दीजिए: 8

क. एक नौजवान सारस ने झील में इनसानों के आने पर रोक लगाने को क्यों कहा?
ख. माँ के व्यथित होने का कारण क्या था ?
ग. अनुशासन राष्ट्र को महान कैसे बनाता है ?
घ. घर में अनुशासन का पालन कैसे कर सकते हैं ?
ङ. सारस ने अस्पताल में कौन-कौन से जानवर कैसी स्थिति में देखे ?

प्रश्न- 16. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर-लगभग 30 शब्दों में दीजिए: 6

क. बच्चे की गुलेल से सारस के पिता की क्या हालत हुई ?
ख. विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का क्या महत्त्व है ?
ग. समय का पालन अनुशासन का अनिवार्य अंग क्यों और कैसे है ?

**Section - D**

प्रश्न-17. किसी **एक** पर लगभग 50 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : 5

क. मेरा प्रिय पक्षी    ख. मेरा प्रिय खिलौना    ग. बगीचे की सैर

प्रश्न-18.'मोबाइल फोन' बनाने वाली कंपनी के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए l 5

अथवा

'अंबर छाता' ( umbrella) बनाने वाली कंपनी के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए l

प्रश्न-19. नीचे दिए गए चित्र को देखकर मन में उभरनेवाले भाव को अपने शब्दों में लिखिए। 5

